**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा-ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारतीय सेना ने आतंकवाद के गढ़ को समाप्त किया।
- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय जनता पार्टी आज से देशभर में तिरंगा यात्रा निकालेगी।
- मुख्यमंत्री ने नक्सलियों को दी चेतावनी- आत्मसमर्पण करें, नहीं तो मारे जाएंगे।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स में प्रदेश ने 9 स्वर्ण, 5 रजत और 10 कांस्य सहित 24 पदक जीते।

प्रधानमंत्री संबोधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। जिसके जरिए भारतीय सेना ने आतंकवाद के गढ़ को समाप्त किया है। उन्होंने कहा कि अभी इस अभियान को अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है। आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि आतंकवाद को लेकर वह क्या रवैया अपनाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद पहले तीन दिनों में ही पाकिस्तान में उसकी उम्मीदों से कहीं अधिक बर्बादी हुई है। भारत की इस आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान तनाव कम करने के रास्ते खोजने लगा और बढ़ते तनाव से राहत पाने के लिए दुनिया भर से गुहार लगा रहा था। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारी नुकसान उठाने के बाद 10 मई को पाकिस्तानी सेना ने हमारे सैन्य अभियान महानिदेशक-डीजीएमओ से संपर्क किया। श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान ने यह आश्वासन दिया की वह भारत के खिलाफ कोई भी आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखायेगा।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में भारत के तीन प्रमुख सुरक्षा स्तंभों का उल्लेख किया जिसमें पहला स्तंभ निर्णायक प्रतिशोध है। उन्होंने कहा कि अगर भारत पर आतंकी हमला हुआ तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दूसरा है कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा क्योंकि भारत परमाणु खतरों से नहीं डरता।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपने नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाता रहेगा।

प्रधानमंत्री ने आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान की सेना और सरकार की आलोचना की और चेतावनी दी कि इस तरह की कार्रवाइयों से अंततः पाकिस्तान का ही पतन होगा। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान को अपना अस्तित्व बचाना है, तो उसे अपने आतंकी ढांचे को खत्म करना होगा क्योंकि शांति का कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

मुख्यमंत्री-बयान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संदेश में भारत की आतंकवाद के विरूद्ध नीति का उद्घोष किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ जो कड़ी कार्यवाही की, उससे आतंकियों को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान की जमीन खिसक गई है। उन्होंने कहा कि दुनिया बदलते दौर का भारत देख रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशवासियों को भरोसा दिलाया है और उन्हें आत्मविश्वास से भर दिया है। यही नहीं प्रधानमंत्री ने उत्साह और उमंग से सेनाओं का हौसला भी बढ़ाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के सक्षम नेतृत्व में सेना ने सिर्फ 5 दिन में जबरदस्त प्रतिकार करते हुए पाकिस्तान की कमर तोड़ दी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के शब्दों से यह स्पष्ट हो गया है कि आतंकवाद को भारत कतई बर्दाश्त नहीं करेगा।

भाजपा- तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय जनता पार्टी आज से देशभर में 11 दिवसीय तिरंगा यात्रा निकालेगी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के दृढ़ नेतृत्व और सशस्त्र बलों के पराक्रम के बारे में लोगों को बताया जाएगा। 23 मई तक चलने वाली इस यात्रा में समाज के प्रमुख सदस्य, पूर्व सैनिक और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि अभियान का स्वरूप पूरी तरह राजनीतिक नहीं होगा और वे एक ऐसे मुद्दे पर लोगों को एकजुट करना चाहते हैं जिसे समाज के सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त है।

बस चेकिंग अभियान

प्रदेश में आज से बसों की सघन चेकिंग के लिए विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। राज्य शासन ने यह कदम कल राजधानी भोपाल में एक बस हादसे के बाद उठाया है। इस हादसे में एक युवती की मौत हो गई थी और कई अन्य लोग घायल हो गए। इस मामले में सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए भोपाल के परिवहन अधिकारी को निलंबित कर दिया है। राज्य शासन ने  अभियान को लेकर पुलिस अधीक्षक और जिला परिवहन कार्यालय को निर्देश जारी किये गये हैं। अभियान में पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री-बालाघाट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में वर्ष-2026 तक देशभर से नक्सलवाद के खात्मे का संकल्प लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल बालाघाट के लांजी में आयोजित क्रम से पूर्व पदोन्नति अलंकरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।  मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि नक्सली आत्मसमर्पण करें नहीं तो मारे जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बालाघाट कभी अत्यधिक नक्सल प्रभावित 12 जिलों की सूची में शामिल था। उन्होंने बालाघाट में नक्सल गतिविधियों में गिरावट को प्रशंसनीय बताते हुए कहा कि पिछले दिनों पुलिस ने कई नक्सलियों को मार गिराने में सफलता हासिल की है। नक्सल मुठभेड़ों में शामिल रहे पुलिस फोर्स, हॉक फोर्स और विशेष सशस्त्र बल के 64 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को क्रम पूर्व पदोन्नति प्रदान की गई है। राज्य सरकार का यह महत्वपूर्ण कदम पुलिसकर्मियों का हौसला बढ़ाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह मंत्री श्री शाह के नेतृत्व में देशभर में नक्सल विरोधी अभियान संचालित हो रहा है। इस अभियान को मजबूती देने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस को आधुनिक हथियारों और तकनीक से लैस किया जा रहा है।

खेलो इंडिया

खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन बिहार में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के खिलाड़ी खेल का शानदार प्रदर्शन कर रहें है। प्रतियेगिता में मध्यप्रदेश 9 स्वर्ण, 5 रजत और 10 कांस्य सहित कुल 24 पदकां के साथ पांचवें स्थान पर है। कल मध्यप्रदेश टीम ने वेटलिफ्टिंग, योग, एथेलेटिक्स, एथेलेटिक्स में बेहतर खेल प्रदर्शन कर 01-01 कांस्य सहित कुल 04 पदक अर्जित किये।

सिंहस्थ-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 2028 की तैयारी में साधु-संत और श्रद्धालुओं की भावनाओं को सर्वोपरि रखकर कार्य किये जाएं और सिंहस्थ से संबंधित सभी काम मापदंडो के अनुसार हों, इन्हें समय सीमा में पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने कल उज्जैन में सिंहस्थ-2028 के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी सिंहस्थ कार्यों की मॉनिटरिंग में आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल करें, जिससे कार्य की भौतिक प्रगति के साथ गुणवत्ता का आंकलन भी हो सके।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा आयुष्मान कार्डधारी मरीज के लिए वरदान साबित हो रही है। छतरपुर जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बताया है कि कल जिले से सातवें मरीज को एयर एंबुलेंस से रेफर किया गया है।
- संभागायुक्त धनंजय सिंह भदौरिया ने कल  जबलपुर संभाग के आयुक्त का पदभार संभाल लिया है। श्री भदौरिया 2006 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं।
- सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में कल चित्रकूट में एनसीसी के छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया।
- विश्व पर्यटन स्थल सांची स्तूप परिसर में स्थित चैत्यगिरी विहार मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध की विशेष पूजा अर्चना करते हुए विश्व शांति की कामना की गई।
- दमोह में मुख्यमंत्री कन्या दान योजना अंतर्गत पथरिया में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में 621 जोड़े शादी के बंधन में बंधें।
- अशोकनगर में कल होमगार्ड द्वारा शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज में सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण दिया गया।

-------